

**भारत से 20 खिलाड़ी, 6 अधिकारी**

कोविड से जुड़ी चिंताओं और अगले दिन कुछ प्रतियोगिताओं के आयोजन के कारण भारत के सात खेलों के 20 खिलाड़ी और छह अधिकारी ही ओलिंपिक्स के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेंगे। भारत के अधिकतर खिलाड़ियों ने इस समारोह से दूर रहने का फैसला लिया है। निशानेबाजी, बैडमिंटन, तीरंदाजी और हॉकी जैसे खेलों के खिलाड़ी समारोह में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि भारतीय दल अपने खिलाड़ियों को वायरस के जोखिम से बचाना चाहता है। वैसे भी अधिकतर खिलाड़ियों को शनिवार से अपनी स्पर्धाओं में भाग लेना है।

## खेलों के महाकुंभ 32वें समर ओलिंपिक की हुई शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। यह कोई आम ओलिंपिक्स नहीं है। हरेक चार साल पर होने वाला दुनिया भर के टॉप ऐथलीटों का नियमित जमावड़ा भी नहीं है यह। जिस दौर में दुनिया अभूतपूर्व संकट में जकड़ी हुई है, जब इंसान का इंसान के साथ हाथ मिलाना भी खतरा बन गया है, उस कोरोनाकाल में 206 देशों के तकरीबन साढ़े 11 हजार खिलाड़ियों का एक जगह इकट्ठा होना और ओलिंपिक्स के सूत्र वाक्य सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस (सबसे तेज, सबसे ऊंचा, सबसे मजबूत) को साकार करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देने का संकल्प लेना अपने आप में किसी अजूबे से कम नहीं। इस बार सूत्र वाक्य में एक नया शब्द भी जोड़ा गया है कम्युनिस (एकजुटता)। तोक्यो में कोरोना के मामले पिछले कुछ दिनों में तेजी से बढ़े हैं। इसको देखते हुए शहर में आपातकाल तक लगा दिया गया है। स्थानीय नागरिकों का एक बड़ा तबका आखिरी क्षणों तक आवाज बुलंद कर रहा है कि यह खेल नहीं होने चाहिए।

# भारतीय टीम में 6 बदलाव 5 खिलाड़ियों ने किया डेब्यू

**क्रिकेट**

## भारतीय टीम तीसरे मैच में 6 बदलाव के साथ उतरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका की क्रिकेट टीमें सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में शुक्रवार को आमने सामने थी। मेहमान भारत की नजर मेजबान श्रीलंका की सीरीज में सफाया करने की थी। यह मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा था। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। भारत पहले ही दो लगातार मैच जीतकर सीरीज को अपने नाम कर चुका है। यह मैच टीम इंडिया के प्रयोग के तौर पर देखा जा रहा है। इस मैच के लिए एक साथ पांच खिलाड़ियों को वनडे में डेब्यू करने का मौका मिल रहा है। विकेटकीपर संजू सैमसन, बल्लेबाज नितिश राणा, गेंदबाज राहुल चाहर, चेतन साकरिया और कृष्णप्पा गौतम को वनडे की कैप दी गई है।



जैसा की पहले से माना जा रहा था कि आखिरी वनडे में भारतीय टीम के प्लेइंग इलेवन में बदलाव किया जाएगा। कोच राहुल द्रविड़ ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे में एक साथ 5 युवाओं को डेब्यू का मौका दिया। भारतीय टीम आज एक दो नहीं बल्कि 6 बदलाव के साथ उतरी है। प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को भी शामिल किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ पहले दो मैच को भारत ने बेहद दमदार तरीके से जीता था। पहले मैच में पृथ्वी शॉ और इशान किशन ने धमाकेदार पारी खेली थी। इशान को पहले वनडे में डेब्यू करने का मौका दिया गया था।

तीसरे और आखिरी वनडे में भारतीय टीम में कप्तान शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, मनीष पांडे, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या को बनाए रखा गया है। इसके अलावा 6 खिलाड़ियों को बाहर बिठाने का फैसला लिया गया है। भुवनेश्वर कुमार की जगह हार्दिक को इस मैच के लिए उप कप्तान बनाया गया है। कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर और इशान किशन को बाहर बिठाया गया है।

**भारत का प्लेइंग इलेवनः** शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, मनीष पांडे, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन, बल्लेबाज नितिश राणा, गेंदबाज राहुल चाहर, चेतन साकरिया और कृष्णप्पा गौतम।

**श्रीलंकाः** अविष्का फर्नांडो, मिनोद भानुका (विकेटकीपर), भानुका राजपक्षा, धनंजय डि सिल्वा, चरिथ असलांका, दासुन शनाका (कप्तान), रमेश मेंडिस, चमिका करुणारत्ने, अकिला धनंजय, दुष्मांथा चमीरा, प्रवीण जयविक्रमा।

# पाकिस्तान की पूरी ताकत वाली टीम को हरा सकती है इंडिया बी टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने टीम इंडिया के प्रयासों की सराहना की जो श्रीलंका में सीमित ओवरों की सीरीज खेल रही है। मेन इन ब्लू ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला जीती और दीपक चाहर, पृथ्वी शॉ और इशान किशन जैसे खिलाड़ियों ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में दोनों हाथों से अवसरों का लाभ उठाया। टीम इंडिया तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मुकाबले जीतकर सीरीज भी अपने नाम कर चुकी है। इसी को लेकर पाकिस्तान की टीम पर पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने निशाना साधा है।

कनेरिया ने द्रविड़ के नेतृत्व में कुलदीप यादव के फिर से उभरने की ओर भी इशारा किया और उन्हें कलाई के स्पिनर में आत्मविश्वास पैदा करने का श्रेय दिया। क्रिकेटर से विशेषज्ञ बने दानिश कनेरिया इस भारतीय बी टीम भी तारीफ की है और उन्हें ये भी लगता है कि पाकिस्तान जैसी पूरी ताकत वाली टीम के खिलाफ भी भारत की ये बी टीम भी जीतने में सक्षम है। 40 वर्षीय ने कहा कि भारत ने दूसरे एकदिवसीय मैच में अंत तक लड़ाई लड़ी और अपना स्वाभाविक खेल खेलने से कभी पीछे नहीं हटे।

**कनेरिया ने फाइनल में जगह बनाने के लिए भारत और वेस्टइंडीज को चुना**

दानिश कनेरिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, यह भारतीय टीम जिस तरह से प्रदर्शन कर रही है, जिस तरह से राहुल द्रविड़ ने भारतीय टीम के साथ काम किया है, वह सभी प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने जिस तरह से कुलदीप यादव को प्रेरित किया है, उससे भारत बी की यह टीम भी पाकिस्तान को जरूर मात दे सकती है।


भारत तीन वनडे मैचों के अलावा श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 मैच भी खेलेगा। ये तीन गेम इस साल यूएई में होने वाले आइसी टी20 विश्व कप से पहले भारत के लिए आखिरी सीमित ओवर के मैच होंगे। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर ने भी शोपीस इवेंट के लिए अपनी भविष्यवाणी की है और उन्होंने फाइनल में जगह बनाने के लिए भारत और वेस्टइंडीज को चुना।

## रैना के बाद अब रवींद्र जडेजा ने बताई जाति, यूजर्स ने किया ट्रोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना के जातिसूचक शब्द इस्तेमाल करने के बाद अब ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने भी कुछ ऐसा ही ट्वीट किया है। सोशल मीडिया पर उनके इस ट्वीट पर कई लोग निशाना साध रहे हैं तो बहुत सारे उनके फैंस उनके समर्थन में भी लिख रहे हैं। रवींद्र जडेजा ने राजपूत बॉय फॉरएवर.. लिखकर ट्वीट किया। इस समय भारतीय टीम के दो यूनिट अलग–अलग हैं।

एक यूनिट श्रीलंका में वनडे सीरीज खेल रही है वहीं दूसरी यूनिट इंग्लैंड में हैं। रवींद्र जडेजा भी इस वक्त इंग्लैंड दौरे पर हैं और उन्होंने वहां से एक ट्वीट शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा कि राजपूत बॉय फॉरएवर। यानी हमेशा के लिए राजपूत. जय हिंद!. जडेजा का ये ट्वीट लोगों को रास नहीं आया हालांकि कई यूजर्स ने उनका समर्थन भी किया। इससे ठीक एक दिन पहले सुरेश रैना के बयान पर विवाद हुआ था। तमिलनाडु प्रीमियर लीग में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कमेंट्री के दौरान एक टिप्पणी की थी। दरअसल, उनसे सवाल पूछा गया था कि ऐसा क्या है कि आपका कनेक्शन चेन्नई के साथ इतना मजबूत है।

## न्यूज डायरी



### चहल के बर्थडे पर धनश्री वर्मा ने लिखा दिल छू लेने वाला मेसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल शुक्रवार को अपना 31वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर चहल की पत्नी धनश्री वर्मा ने अपने पति को खास अंदाज में विश किया है। चेस से करियर की शुरुआत करने वाले चहल इस समय श्रीलंका में टीम इंडिया के साथ हैं। मशहूर यू ट्यूबर धनश्री वर्मा ने सोशल मीडिया पर चहल को बड़े दिलवाला बताया है। धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चहल के साथ फोटो शेयर कर लिखा, जब आप दयालु, मददगार, विनम्र, निस्वार्थ होने और उन गुणों को साथ ले जाने की बात करते हैं, तो वह मिस्टर युजवेंद्र चहल हैं। आप में अपनी हैसियत को लेकर कोई घमंड नहीं है। इस स्तर पर इतना बड़ा मुकाम हासिल करना आसान नहीं है। आप लोगों और देश के लिए जो करते हैं, वह अपराजेय है। आपका दिल बहुत बड़ा है। मैंने आपसे बहुत कुछ सीखा है... मुझे हमेशा आप पर गर्व है, हैप्पी बर्थडे। इसपर पति चहल ने रिएक्ट करते हुए लिखा, थैंक्यू वाइफ।

### सचिन तेंडुलकर से विराट कोहली की तुलना बंद करोः शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा है कि सचिन तेंडुलकर के साथ विराट कोहली की तुलना नहीं की जानी चाहिए। अख्तर क्रिकेट से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखते हैं। उन्होंने मौजूदा दौर की फास्ट बोलिंग से लेकर सचिन और विराट की तुलना पर अपनी राय रखी। उन्होंने एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में कहा, आज के दौर में आप कितने फास्ट बोलर देखते हैं जो 150 किलोमीटर की रफ्तार से गेंद फेंक सकते हैं। और कितने लोग हैं जो पुराने नियमों के हिसाब से खेलना चाहते हैं? ICC ने कई पाबंदियां लगा दी हैं और आप क्या चाहते हैं? आप चाहते हैं टीआरपी, आपको यह मिल जाएगी। लेकिन अगर आप खिलाड़ियों का चरित्र देखना चाहते हैं तो आपको ये पाबंदियां हटानी होंगी। उन्होंने कहा, सचिन के साथ विराट की तुलना नहीं होनी चाहिए। अख्तर और सचिन के बीच में काफी कड़ा मुकाबला देखने वाला होता था। अख्तर ने सचिन की तारीफ करते हुए कहा कि मास्टर ब्लास्टर ने दुनिया के चोटी के गेंदबाजी आक्रमण के सामने रन बनाए।

### क्या फिर से अविश्वसनीय प्रदर्शन को दोहरा सकते हैं भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। भारतीय टेबल टेनिस दल ने एशियाई खेलों में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था जिसे खिलाड़ी 'मिनी ओलंपिक' भी मानते हैं और अब तीन साल बाद क्या वे तोक्यो ओलंपिक में भी कोई कमाल कर सकते हैं, यह देखना होगा। एशियाई खेलों में भले ही चीन, कोरिया और जापान जैसे मजबूत देश हों लेकिन ओलंपिक बिलकुल ही अलग तरह के खेल हैं। भारत ने जकार्ता में पुरूष टीम का कांस्य और मिश्रित युगल का कांस्य पदक जीतकर एशियाई खेलों में देश के पदक सूखे को समाप्त किया लेकिन यहां एक पदक के करीब पहुंचना भी मुश्किल काम होगा। पिछले हफ्ते जब टेबल टेनिस खिलाड़ी तोक्यो पहुंचे तो थोड़ी सी उम्मीद मिश्रित युगल वर्ग में थी लेकिन शुरूआती मुकाबले में चीनी ताइपे की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ मुकाबले ने ए शरत कमल और मनिका बत्रा के लिये चुनौती और कठिन कर दी है।

### टॉस के बाद वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच निलंबित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच बारबाडोस में दूसरा वनडे मैच कोविड–19 के पॉजिटिव मामले के चलते निलंबित कर दिया गया। इस मामले की पुष्टि पहली गेंद फेंके जाने से ठीक कुछ मिनट पहले हुई। ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई मैच टॉस के बाद कोरोना वायरस की वजह से स्थगित किया गया है। हालांकि, अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि ये मैच कब खेला जाएगा। मेजबान वेस्टइंडीज और मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए टॉस होने के बाद खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और मैच अधिकारियों को इस मामले के बारे में जानकारी दी गई, जिसके बाद दोनों टीमें अपने–अपने ड्रेसिंग रूम की ओर चली गई।